एन.एच.एस.आर.सी.एल. के द्वारा परियोजना से प्रभावित परिवारों के लिए, फ्यूचर इंटरप्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम

नेशनल हाई स्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (एन.एच.एस.आर.सी.एल.), रूरल डेवलपमेंट एंड सेल्फ इंप्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट (आर.यू.डी.एस.ई.टी.) {http://www.rudsetitraining.org} के साथ मिलकर, परियोजना से प्रभावित लोगों / परिवारों के लिए आय की पुनर्बहाली / सृजन की दिशा में कार्य कर रहा है। एन.एच.एस.आर.सी.एल. की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया केवल क्षतिपूर्ति के भुगतान, आर.आर. सहायता इत्यादि तक ही सीमित नहीं है, अपितु इसमें परियोजना से प्रभावित लोगों के लिए, उनकी आय की पुनर्बहाली, जीवन-यापन की परिस्थितियों की पुनर्बहाली के विकास और आय के सृजन के अवसरों को पैदा करने के लिए, कौशल विकास और प्रशिक्षण में अभिवृद्धि भी शामिल है।

इस कार्यक्रम के तहत् भावी युवाओं के लिए, आर.यू.डी.एस.ई.टी. संस्थान, नाडेड मे एक कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया है। 45 दिनों के इस कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 युवा लाभान्वित हो रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत, प्रतिभागियों को उनके स्वयं के बल पर जीवन-यापन को अर्जित करने में सहायता प्रदान की जाएगी।

एम.ए.एच.एस.आर. कॉरीडोर के साथ लगे विभिन्न गावों में, मोबाइल मरम्मत, ब्यूटी पार्लर, मोटरसाइकिल मरम्मत इत्यादि सहित अनेक इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाने की योजना बनाई गई है। आर.यू.डी.एस.ई.टी. यह सुनिश्चित करता है कि प्रशिक्षण के उपरांत, प्रशिक्षित युवा अपना स्वयं का उद्यम विकसित करेंगे। चूंकि आर.यू.डी.एस.ई.टी. का वित्त-पोषण दो बैंकों से होता है, अतः वे भी ऋण प्राप्त करने में उनकी सहायता करते हैं। उम्मीदवारों को कम से कम दो वर्षों तक सहारा प्रदान किया जाता है, जब तक कि वे स्वयं पूरी तरह से स्थापित नहीं हो जाते हैं। .